गुरुवार 10 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पांच बेड के संतोषी अस्पताल में भर्ती मिले 13 मरीज, बिना डॉक्टर चल रहा था इलाज

3



### लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेता ने संसद में मोदी सरकार पर बोला हमला

# मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई है: राहुल

- राहुल बोले- मैं मणिपुर गया था, हमारे प्रधानमंत्री आज तक नहीं गए, क्योंकि उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है
- नरेंद्र मोदी दो लोगों की सुनते हैं वो हैं अमित शाह और अडाणी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद संसद में पहली बार भाषण दिया। राहुल गांधी ने विपक्ष की तरफ से पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दूसरे दिन कई मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की। इस दौरान राहुल ने कहा कि मणिपुर में इन लोगों ने पूरे हिंदुस्तान की हत्या की है। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की, लेकिन इसके बाद उन्होंने मणिपुर को लेकर बोलना शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने कहा, भारत इस देश के लोगों की आवाज है, अगर हम इस आवाज को सुनना चाहते हैं तो हमें अहंकार को मिटाना पड़ेगा।





### राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना रावण से की

राहुल ने अपने मणिपुर दौरे का जिक्र करते हुए कहा, कुछ दिन पहले मैं मणिपुर गया था। हमारे प्रधानमंत्री आज तक नहीं गए, क्योंकि उनके लिए मणिपुर हिंदुस्तान नहीं है। मैंने मणिपुर शब्द प्रयोग किया, लेकिन आज की सच्चाई ये है कि मणिपुर को आपने दो हिस्सों में तोड़ दिया है। राहुल गांधी ने मणिपुर में हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी राजनीति ने सिर्फ मणिपुर को नहीं मारा है, इनकी राजनीति ने हिंदुस्तान को मणिपुर में मारा है। हिंदुस्तान का मर्डर किया है। राहुल गांधी ने कहा कि आप देश प्रेमी नहीं बल्कि देशद्रोही हैं। आप भारत माता के रखवाले नहीं, आप भारत माता के हत्यारे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि रावण दो लोगों की सुनता था, पहला मेघनाथ और दूसरा कुंभकरण... वैसे ही नरेंद्र मोदी दो लोगों की सुनते हैं वो हैं अमित शाह और अडाणी... लंका को हनुमान ने नहीं जलाया था, लंका को रावण के अहंकार ने जलाया था। राम को रावण ने नहीं मारा था, रावण को उसके अहंकार ने मारा था। आप पूरे देश में केरोसिन फेंक रहे हैं, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी और फिर चिंगारी लगा दी। अब आप हरियाणा में कर रहे हैं, आप पूरे देश को जलाने में लगे हैं।

### कांग्रेसियों ने मां की हत्या के लिए मेज थपथपाई: स्मृति ईरानी

मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर बुधवार को दूसरे दिन की चर्चा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर खंडित नहीं, भारत का अभिन्न अंग है। मणिपुर न खंडित है, न था और न होगा। उन्होंने पूछा, 'भारत माता की हत्या पर संसद में ताली क्यों बज रही हैं? कांग्रेसियों ने मां की हत्या के लिए मेज थपथपाई। स्मृति ने विपक्ष को लेकर कहा कि आप इंडिया नहीं हैं क्योंकि भारत भ्रष्ट नहीं है। उन्होंने कहा, 'भारत वंशवाद में नहीं योग्यता में विश्वास करता है और आज आप जैसे लोगों को यह याद रखने की जरूरत है कि अंग्रेजों से क्या कहा गया था- भारत छोड़ो, भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो, योग्यता को अब भारत में जगह मिली है। स्मृति ईरानी ने कहा, 'ये महिला के बारे में चर्चा कर रहे हैं, इनके कार्यकाल से ज्यादा बजट हमारे प्रधानमंत्री ने महिलाओं को दिया। ये हमारा अभिमान है। देश में मोदी सरकार में 3 करोड़ 84 लाख घर बने, जिनमें से 2 करोड़ 86 लाख महिलाओं को मिले। राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा, 'देश के बाहर गए तो आइडियाज ऑफ इंडिया कॉन्केलेव में कहा हिंदुस्तानी सौहार्द की भूमिका में नहीं रहते। गौतम अडानी को लेकर स्मृति ने कहा, 'अगर इतने खराब हैं तो जीजा रॉबर्ट वाड्रा क्या कर रहे हैं। यूपीए के कार्यकाल में अडानी को 72 हजार करोड़ का लोन दे दिया। केरल में कांग्रेस की यूडीए सरकार के साथ पोर्ट का काम क्यों दिया। बंगाल में हल्दिया पोर्ट का काम अडानी को क्यों दिया, छत्तीसगढ़ में भी दिया। अब इसमें बेटे को कितना भेंट होगा और दामाद कितना सेट होगा हमें क्या मालूम।

**राहुल गांधी ने महिला सांसदों की तरफ फ्लाइंग किस के इशारे किए:** स्मृति ईरानी ने कहा कि अपना भाषण खत्म कर लोकसभा से बाहर जाते समय राहुल गांधी ने महिला सांसदों की तरफ फ्लाइंग किस के इशारे किए। बीजेपी की कई महिला सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की है। स्मृति ईरानी ने सदन में भी राहुल गांधी की कथित अभद्रता की शिकायत करते हुए कहा मुझे एक बात पर आपत्ति है। जिसे (राहुल गांधी) मुझसे पहले बोलने का मौका दिया गया, उसने जाने से पहले अभद्रता की है। महिलाओं के प्रति इस तरह का द्वेषपूर्ण आचरण देश के सदन में कभी नहीं देखा गया। ये किस खानदान के लक्षण हैं, यह देश देख रहा है।

## अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए एकजुट हों आदिवासी: हेमंत सोरेन

**विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम**



**एजेंसी/रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को देश के आदिवासियों से अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें और धार्मिक कट्टरपंथी आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे हैं और उनके संसाधनों पर नियंत्रण करना चाहते हैं और बोले कि आदिवासी समुदाय असंगठित और विभाजित है और यही वजह है कि उनके मुद्दे, चाहे वह मणिपुर हो या झारखंड, को सुना नहीं जाता। कई राज्यों में आदिवासी अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

झारखंड आदिवासी महोत्सव को संबोधित करते सीएम सोरेन ने कहा कि आदिवासियों के बीच उन ताकतों से लड़ने को लेकर चर्चा होनी चाहिए जो उनके सभी संसाधानों, पहचान और संस्कृति पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों जैसे मणिपुर, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु में आदिवासी अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि विनाशकारी ताकतें उन पर अत्याचार करने के लिए तैयार हैं। सीएम सोरेन ने कहा कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासियों की अनेक भाषाएँ गायब हो चुकी हैं या गायब होने के कगार पर है। आज हमारे जीवन को आस्था के केंद्रों से बांधने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ लोग तो हमसे हमारा नाम तक छीनने में लगे हुए हैं।

### देश में आदिवासी समाज को सहना पड़ा है विस्थापन का दर्द

विकास परियोजनाओं की वजह से विस्थापित हो रहे आदिवासी

भारतीय जनता पार्टी पर बिना नाम लिए हमला करते हुए सीएम सोरेन ने कहा कि जिनकी कोई जाति नहीं है उन्हें विनाशकारी ताकतें जनजाति और वनवासी के तौर पर प्रचारित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों, परियोजनाओं, बांध और खदानों की वजह से विस्थापित होने वालों में करीब 80 फीसदी आदिवासी हैं लेकिन क्रूर तंत्र ने उनके लिए ठिकाना खोजने की कोशिश नहीं की। सीएम सोरेन ने आरोप लगाया कि बड़ी कोयला कंपनियों को आदिवासियों की लाखों एकड़ जमीन बिना पुनर्वास योजना के ही सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग सभी हिस्सों में आदिवासी समाज को विस्थापन का दर्द सहना पड़ा है और उस दर्द को कम करने के लिए बहुत प्रयास नहीं किए गए हैं।

## सदन में एक ऐसे नेता हैं, जिन्हें राजनीति में 13 बार लॉन्च किया गया, लेकिन हर बार फेल: अमित शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने मोदी सरकार के पिछले नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया वहीं विपक्षी गठबंधन पर भी हमला बोला। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी को लेकर कहा कि सदन में एक ऐसे नेता हैं, जिन्हें राजनीति में अब तक 13 बार लॉन्च किया जा चुका है, लेकिन हर बार लॉन्चिंग फेल हुई है। अमित शाह ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि भाई, अब भी सत्य स्वीकारो नहीं, तो जो हो उससे भी आधे हो जाओगे।

अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, "कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी, लेकिन करती कुछ नहीं थी, गरीबी हटाने का काम हमने किया। पहले कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री कहते थे कि वो एक रुपया भेजते हैं तो गरीबों तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं, 85 पैसे गायब हो जाते हैं। हम डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा गरीबों के बैंक अकाउंट में हस्तांतरित करते हैं। हमारी सरकार ने पिछले 9 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुंचाने का काम किया है।

## प्रियंका गांधी बोलीं... भाजपा ने अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो की नीति को अपना लिया है

**एजेंसी/नई दिल्ली**



'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को भाजपा पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया और लोगों से यह आग्रह किया कि वह नफरत, महंगाई और बेरोजगारी भारत छोड़ो आंदोलन अपनाएं। अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा, '(महात्मा) गांधी जी के आह्वान पर पूरे भारत ने एक स्वर में कहा था कि अत्याचारी शासन भारत छोड़ो। याद रखिए, भारत छोड़ो आंदोलन के समय आज सत्ता में बैठी पार्टी के नेताओं ने लोगों से इस आंदोलन में हिस्सा नहीं लेने की अपील की है। 'कांग्रेस महासचिव ने कहा कि उनकी 'फूट डालो और राज करो' की नीति आज भी जारी है और 'हमारी एकता उन पर हावी है'। उन्होंने आगे कहा, 'आइए हम सब मिलकर कहें, नफरत भारत छोड़ो, महंगाई भारत छोड़ो और बेरोजगारी भारत छोड़ो। जय हिंद, जय भारत।'

प्रियंका गांधी ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदायों के सदस्यों को भी शुभकामनाएं दीं।







## चुनावी रणनीतिकार ने शराबबंदी पर सरकार को घेरा

# बिहार में लड़कियां भी बेच रहीं शराब : पीके

- प्रशांत किशोर बोले- शराबबंदी के बावजूद बिहार में चल रहा है शराब का अवैध कारोबार
- शराबबंदी के कारण 20 हजार करोड़ रुपए का हो रहा है नुकसान

**केटी न्यूज/पटना**

चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने बिहार में शराबबंदी मामले में नीतीश सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शराबबंदी के बावजूद बिहार में शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। समस्तीपुर जिले के शिवाजी नगर में मंगलवार रात आयोजित जन संवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में युवा लड़कों के साथ लड़कियां भी लगी हुई हैं। शराबबंदी से करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। बिहार में दो उद्योगों की बात हर कोई कर रहा है। एक है शराब माफिया और दूसरा है बालू माफिया। जहां चले जाइए, आप देखेंगे कि बिहार सरकार ने शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोगों को पैदा किया है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि शराब बंदी के नाम पर शराब की दुकानें बंद कर दी, लेकिन घर-घर होम डिलीवरी चालू कर दी है। मोटरसाइकिल लेकर शराब के इस कारोबार में नए लड़के, युवा के साथ-साथ लड़कियां भी लगी हुई हैं। कई गांवों के लोग मुझसे बताते हैं कि लड़कियां भी इस अवैध कारोबार में लगी हुई हैं। इससे हर साल बिहार सरकार और बिहार के लोगों को शराबबंदी के कारण 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। ये पैसा पुलिस के हाथ में, प्रशासन के हाथ में और शराब माफिया के हाथ में जा रहा है।



### बिहार में बड़े स्तर पर हो रहा अवैध बालू का कारोबार

प्रशांत किशोर ने जन संवाद के दौरान आगे कहा कि बिहार के गांव-गांव में एक और नई समस्या शुरू हो गई है। जब लोगों को शराब नहीं मिल रही है, तो लोग अलग-अलग प्रकार का नशा कर रहे हैं। कोई स्मैक खा रहा है, तो कोई ड्रग्स ले रहा है। यह स्थिति पहले बिहार में नहीं थी। शराब माफिया के साथ बालू माफिया बिहार में काफी ताकतवर हैं। जहां जाइए, बिहार में बड़े स्तर पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। हजारों-करोड़ों रुपए सरकार और बिहार के लोगों का चोरी करके पुलिस और प्रशासन की मदद से अवैध बालू का कारोबार बिहार में चल रहा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के गांव-गांव में एक और नई समस्या शुरू हो गई है। जब लोगों को शराब नहीं मिल रही है, तो लोग अलग-अलग प्रकार का नशा कर रहे हैं। कोई स्मैक तो कोई ड्रग्स ले रहा है। ये स्थिति पहले बिहार में नहीं थी। यह बेहद खराब स्थिति है।

## महागठबंधन सरकार का एक साल पूरा, राजद ने बताया शानदार, भाजपा बोली जंगलराज-2

**पटना।** महागठबंधन सरकार के एक साल पूरे होने पर राजद और जदयू के नेता सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहे वहीं दूसरी ओर भाजपा इसे जंगलराज 2 कह रही है। राजद कोटे से विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में नई-नई नौकरी का सृजन हो रहा है। फिलहाल बिहार में शिक्षा विभाग की बहाली हो रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत होगी। महागठबंधन सरकार ने उम्मीद से बेहतर काम किया है। जदयू विधायक ललित नारायण मंडल ने कहा कि भाजपा के साथ काम करने में बहुत परेशानी थी। इसलिए हमलोगों ने राजद के साथ सरकार बनाई। इतना ही नहीं केंद्र सरकार पैसे देने से इनकार करती है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शानदार काम हुआ है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने उम्मीद से बेहतर काम किया है।

वहीं भाजपा ने कहा कि महागठबंधन सरकार में अपहरण बढ़ गया है। बिहार में जंगल राज की बात हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समझ में आ गया होगा कि उन्होंने क्या किया है। नीतीश कुमार को सियासत से संन्यास लेना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि आज महागठबंधन सरकार की असंवेदनशीलता के कारण बिहार में जंगलराज 2.0 अपने चरम पर है। सुबह का हर अखबार हत्या, लूट, डकैती, अपहरण की खबरों से भरी होती हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बनाई नई टीम, 38 पदाधिकारी शामिल

**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने के पांच महीने बाद सम्राट चौधरी ने अपनी नई टीम बना ली। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले, पूर्व अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल के हस्ताक्षर से जिलाध्यक्षों की सूची जारी हो चुकी थी। सम्राट को अपनी टीम बनाने में समय लग रहा था, क्योंकि पार्टी के अंदर कई तरह का गतिरोध था। सूची में वह गतिरोध दिख भी जा रहा है। 12 प्रदेश उपाध्यक्षों समेत 38 पदाधिकारियों की घोषणा की गई, लेकिन इसमें कोई भी विधायक या विधान पार्षद नहीं है। अकेले सम्राट चौधरी ही विधान पार्षद हैं। नई टीम में नए चेहरों को शामिल किया गया है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के समय में शामिल किए गए कई माननीय को इस बार जगह नहीं दी गई है।

**इन माननीयों को नहीं मिली नई टीम में जगह:** इसमें एमएलसी देवेश कुमार, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, विधायक संजीव चौरसिया, सुशील चौधरी को नई प्रदेश कार्यकारिणी में जगह नहीं दी गई है। भाजपा सूत्रों की मानें तो संगठन में शीर्ष नेतृत्व ने किसी विधायक या विधान पार्षद को प्रदेश कमेटी में जगह नहीं देने का निर्णय लिया है। इस कारण सम्राट चौधरी ने नई कमेटी की जो घोषणा की है, उसमें माननीयों को जगह नहीं मिली।



**सम्राट की नई टीम में 12 प्रदेश उपाध्यक्ष:** नई प्रदेश कार्यकारिणी में सम्राट चौधरी ने कुल 12 उपाध्यक्ष बनाए हैं। इसमें सिद्धार्थ शंभु, डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी, ललिता कुशवाहा, सरोज रंजन पटेल, नूतन सिंह, राजेंद्र सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, शीला प्रजापति, अमृता भूषण, डॉ राजभूषण निषाद, संजय खंडेलिया और संतोष पाठक शामिल हैं।

**नई टीम में 5 महामंत्री:** बिहार भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में इस बार 5 महामंत्री बनाये गए। इससे पहले बिहार भाजपा में अब तक चार महामंत्री ही बनाये गए थे। इस लिस्ट में शिवेष राम, जगन्नाथ ठाकुर, राजेश वर्मा, मिथिलेश तिवारी, ललन टंडन को शामिल किया गया है। वहीं टीम में 12 प्रदेश मंत्री, एक मुख्यालय प्रभारी, दो सह प्रभारी, एक कोषाध्यक्ष, दो सह-कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय मंत्री और दो सह कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। सम्राट चौधरी ने सभी नेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत संकल्प से संगठन के निर्माण में नये आयाम स्थापित करेंगे।

## एक नजर

### बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जारी किया नोटिफिकेशन

**पटना।** बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मिडिल स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दी है। STET 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 9 अगस्त से ही शुरू हो गया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। STET 2023 के लिए बिहार एसटीईटी ऑनलाइन फॉर्म 2023 भरने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त है। सामान्य, EWS, OBC और BC उम्मीदवार जो एक पेपर देना चाहते हैं, उन्हें 960 रुपये, जो उम्मीदवार दोनों पेपर देना चाहते हैं उन्हें 1440 रुपये, SC-ST और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एक पेपर में 760 रुपये और दोनों पेपर के लिए 1140 रुपये देना होगा। परीक्षा से 15 दिन पहले एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए आयु सीमा 37 वर्ष और सामान्य वर्ग की महिला के लिए 40 वर्ष तय की गई है। वहीं OBC पुरुष और महिला के 40 वर्ष, SC-ST वर्ग के पुरुष और महिला के लि 42 वर्ष की उम्रसीमा तय की गई है।

मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर
रिक्त पद
(Vacancy)
Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023
- Reception-2 post
- Medical salesman-2post
- Manager-2post. qualification MBA
- Computer knowledge compulsory
- Lab technician-1post (Qualification-DMLT)
Note - Salary in 5 digit
DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director



## खबरें फटाफट

### नहीं दिया उधारी का पैसा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना में बक्सर कोइरपुरवा के रहने वाले शिवप्रसाद सिंह ने पुराना भोजपुर के एक व्यक्ति के खिलाफ उधारी का पैसा नहीं देने पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि पुराना भोजपुर के रहने वाला राजन चौरसिया ने रेडिमेड कपड़े के कारखाना खोलने को लेकर 11 लाख की राशि दो किस्तों में उधारी लिया और छह माह के अंदर रुपये वापस करने का वादा किया था। काफी दिन गुजरने के बाद जब मैंने तगादा करना शुरू किया तो आरोपी पैसा देने में आनाकानी करने लगा, जिसको लेकर स्थानीय थाने में धोखाधड़ी करने और रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है।

### लूटकांड के फरार आरोपियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म के कठार रोड में एसबीआई के सीएसपी का संचालन करने वाले सुबोध रंजन लाल से 3 अगस्त को लूट की घटना में फरार लूटेरों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। इस मामले में पुलिस ने चार लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुराना भोजपुर के धनजी उर्फ धन्नु तथ मुधवन कुमार फरार चल रहे है। पुलिस ने दोनों का एकाउंट होल्ड करवा दिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना के दिन ही मधुवन कुमार के खातें में 49 हजार रूपए डाले गए थे। जबकि दो दिन बाद धनजी के खाते में 52 हजार रूपया जमा कराया गया है। पुलिस का मानना है कि दोनों रुपए लूट के ही हैं। यही कारण है कि उनके खाते को होल्ड किया गया है। सूत्रों की मानें तो धनजी इस लूट कांड के अलावे शराब करोबार से भी जुड़ा था।

## डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल व कई निजी अस्पतालों का निरीक्षण

# गड़बड़ी : पांच बेड के संतोषी अस्पताल में भर्ती मिले 13 मरीज, डॉक्टर भी नदारद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के पटना प्रमंडल के उप निदेशक डॉ अखिलेश कुमार व बक्सर सीएस डॉ एससी सिन्हा ने डुमरांव के अनुमंडलीय अस्पताल व कई निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने अनुमंडलीय अस्पताल में हल्की खामी पाया। इशारे इशारों में उन्होंने यहां डाक्टरों ने नहीं ठहरने की बात कही और बताया कि इसके लिए सीएस तथा चिकित्सकों के आवास की कमी है। उन्होंने कहा कि आवास बनवाने के लिए वे अपना प्रतिवेदन वरीय अधिकारियों को देंगे। उप निदेशक ने कहा कि जो खामियां पाई गई हैं उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। वही उन्होंने कहा कि कुछ बिंदुओं को वे नोट किए हैं जिसे अपने प्रतिवेदन में शामिल करेंगे।

नहीं मिला हरिप्रेम चिकित्सालय का बोर्ड, संतोषी अस्पताल में नदारद थे डॉक्टर

उप निदेशक व सीएस अनुमंडलीय अस्पताल के बाद चाणक्या कॉलोनी स्थित उपाधीक्षक डॉ गिरीश सिंह के आवास पर भी पहुंचे। जहां शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था



कि अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस अपने घर पर हरिप्रेम चिकित्सालय नाम से अस्पताल का संचालन करते हैं। लेकिन जांच के दौरान उक्त अस्पताल का बोर्ड नहीं मिला। वहीं दूसरी तरफ टिचर ट्रेनिंग कॉलेज के पास स्थित संतोषी अस्पताल में भी जांच की गई। यहां मानक के अनुसार अस्पताल का संचालन नहीं हो रहा था। जानकारी के अनुसार जांच के दौरान इस अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे वहीं अस्पताल का निबंधन पांच बेड के लिए हुआ है, जबकि जांच के दौरान 13 मरीज भर्ती थे। उप निदेशक व सीएस ने इसे गंभीर मामला बताया। बता दें कि इस अस्पताल के बोर्ड पर जिन तीन डॉक्टरों का नाम अंकित है उनमें डा द्वारिका प्रसाद पहले ही डीएम को आवेदन दे इस अस्पताल के संचालन के प्रति अपनी अनभिज्ञता जता चुके हैं।

वही इस संबंध में शिकायतकर्ता हरेकृष्ण यादव ने बताया कि जांच के नाम पर मामले की लीपापोती की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन बिंदुओं पर जांच की मांग की गई थी उन बिंदुओं पर जांच टीम ने जांच ही नहीं किया। मसलन अनुमंडलीय अस्पताल में के सीएस के प्रभारमुक्त होने के बाद उनके द्वारा निकासी का मामला हो या फिर संतोषी अस्पताल में डा द्वारिका प्रसाद का मामला। जांच टीम इन बिंदुओं पर कुछ भी बोलने से कतराते नजर आई। शिकायतकर्ता की माने तो उनके पास उपाधीक्षक द्वारा पूर्व में हरिप्रेम चिकित्साल के नाम से अस्पताल संचालन के कई साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर लीपापोती के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को टुड़ीगंज से कृष्णाब्रह्म चौक पर पदयात्रा निकाला तथा कृष्णाब्रह्म में प्रदर्शन कर इस चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत होगी।

**क्या कहते हैं उप निदेशक:** मुख्यमंत्री के जनता दरबार में दिए गए आवेदन पर जांच की जा रही है। जांच में अनुमंडलीय अस्पताल में जो खामिया पाई गई हैं उसका प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारियों को सौंपा जाएगा। हरिप्रेम चिकित्सालय का बोर्ड नहीं मिला है। संतोषी अस्पताल का संचालन मानक के अनुरूप नहीं हो रहा था। **– अखिलेश कुमार, उप निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, पटना प्रमंडल**

## खड़ी ट्रक से लोहे का भारी उपकरण चुराता चोर पकड़ाया, ट्रक चालकों ने पुलिस को सौंपा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार की सुबह कोरानसराय चौगाईं मार्ग पर एक खड़ी ट्रक से लोहे का भारी उपकरण चुरा अपनी बाइक पर बांधते एक चोर को ट्रक चालकों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। चालकों द्वारा पहले तो उसकी जमकर धुनाई की गई फिर बाद में उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है, जो चोरी की है।

गिरफ्तार चोर की पहचान बगेन थाना क्षेत्र के खोचरियांव गांव निवासी मुनी शर्मा के पुत्र प्रियांशु शर्मा के रूप में हुई है। जबकि उस पर एफआईआर दर्ज कराने वाला ट्रक चालक संजय ठाकुर औद्योगिक थाना क्षेत्र के जासो का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह हल्की बारिश हो रही थी। इस दौरान संजय अपनी ट्रक को कोरान सराय चौगाईं मार्ग पर कांव नदी के किनारे खड़ा कर बगल में स्थित एक झोपड़ीनुमा दुकान में बैठ गया था। उसके साथ कुछ अन्य ट्रक चालक भी थे। इसी दौरान एक युवक बिना नंबर की बाइक से ट्रक के पास पहुंचा तथा अपनी बाइक खड़ी कर ट्रक का गेट खोल उसमें रखे करीब 25-30 किलो के लोहे के एक उपकरण ( जक ) को चुरा अपनी बाइक पर बांधने लगा। संयोग से ट्रक चालकों ने उसकी हरकत को देख लिया तथा बाइक पर बांधने के दौरान ही उसे पकड़ लिया।

कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसके पास से बरामद बाइक के संबंध में कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया है और न ही उस संबंध में कोई ठोस जानकारी दे सका है। पुलिस की मानें तो बाइक चोरी की है। उसका पता लगाया जा रहा है कि बाइक कहां से चोरी हुई थी। उन्होंने कहा कि उसे जेल भेज दिया गया है।

## बालू माफियाओं में वर्चस्व की जंग तीन राउंड फायरिंग से मचा हड़कंप

- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कीर्तपुरा गांव की घटना
- एसपी मनीष कुमार खुद पहुंचे घटना की जांच करने

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कीर्तपुरा गांव में मंगलवार की रात बालू माफियाओं के बीच वर्चस्व की जंग हो गई। इस जंग में एक पक्ष द्वारा तीन राउंड फायरिंग की गई। जिसके बाद भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पर रात में ही मुफस्सिल थाने की पुलिस ने दो को हिरासत में लिया था। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। वहीं एसपी मनीष कुमार खुद इसकी जांच करने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार कीर्तपुरा निवासी बबलू राय व जलहरा के आनंद राय बालू कारोबारी हैं। इनके बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में मंगलवार को आनंद के भाई अमन राय ने बबलू को धमकी दे दिया था। जिसके बाद बबलू ने इसकी जानकारी आनंद को दी। दोनों के बीच रात में बैठक निर्धारित हुआ था। रात 10 बजे बैठक चल ही रही थी कि अमन अचानक वहां पहुंचा तथा हवाई फायरिंग करने लगा। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### रिमझिम बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, जलजमाव और कीचड़ सनी सड़कों से आवागमन प्रभावित



**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद शहर को मॉडल सिटी बनाने के मास्टर प्लान पर काम कर रही है। इसके लिए विकास के बड़े-बड़े दावे भी करती है लेकिन शहर के पॉश इलाके के कई मोहल्ले के लोग आज भी गंदे पानी और कीचड़ से सने सड़क से गुजर कर अपने घरों को पहुंचते हैं। कई मोहल्लों में बरसात के दिनों में जलजमाव से भर जाता है। पानी के ठहराव से इस मोहल्ले में सांप-बिच्छु का डर बना रहता है। मोहल्ले के लोगों ने नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश जताते हुए सड़क को पक्कीकरण कराने की मांग की है। हरिजी के हाता, कड़वी, सफाखाना रोड, शिक्षक कॉलोनी आदि मोहल्ले के निवासी पिंटू कुमार, रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार, अजीत सिंह, सुनील कुमार, आशीष ओझा, निर्मल, विनोद आदि ने कहा कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार नप प्रशासन से गुहार लगायी गयी लेकिन समस्या जस की तस बनी है। उन्होंने बताया कि नप की उदासीनता से इस मोहल्ले में किसी तरह की विकास का काम नहीं हो पाया है। केवल वोट लेने के लिए वार्ड पार्षद विकास का वादा कर घर बैठ गये। बरसात के दिनों में सांप-बिच्छु का डर इस कदर सताता है कि मोहल्लेवासी शाम होते ही अपने घरों को बंद कर दुबक जाते है। इस मामले में नगर पर्षद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि शहर के विकास को लेकर बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया है। जल्द ही जलजमाव और कीचड़युक्त सड़को से छुटकारा मिलेगा।

### निर्देशों की अवहेलना के आरोप में डीईओ ने बंद किया सभी बीईओ का वेतन

**बक्सर।** निर्देशों की अवहेलना करने तथा लोक शिकायत निवारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी ने सभी बीईओ का वेतन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। जानकारी के अनुसार बक्सर जिला अंतर्गत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंड अधीन अवस्थित प्रारंभिक, मध्य, उत्क्रमित मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश दिया गया था। जिस पर किसी भी प्रखंड के बीईओ ने निर्धारित समय तक प्रतिवेदन सौंपा था। वहीं, बीईओ के लापरवाह रवैये से लोक शिकायत को भी समय से जबाव नहीं दिया जा रहा था। जिसके बाद डीईओ ने सख्त कार्रवाई करते हुए उनका वेतन रोक दिया है। बता दें कि बक्सर के गजाधर गंज निवासी रमेश कुमार ने लोक शिकायत में परिवाद दाखिल कर शिकायत किया था कि जिले के कई विद्यालयों में वरीय शिक्षकों के रहते कनीय शिक्षक प्रभार में है। इस पर लोक शिकायत ने डीईओ से रिपोर्ट मांगा था। लेकिन किसी भी प्रखंड से यह रिपोर्ट बीईओ द्वारा नहीं सौपी गई। जिसके बाद डीईओ ने अगले आदेश तक उनके वेतन पर रोक लगा दी है। डीईओ ने दुबारा पत्र जारी कर सभी बीईओ को तीन दिनों के अंदर जिले के सभी विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों का रिपोर्ट मांगा है। बीईओ को यह रिपोर्ट भी देना है कि किन विद्यालयों में वरीय शिक्षक के रहते कनीय शिक्षक प्रभार में है तथा उन्हें क्यों प्रभार सौंपा गया है। डीईओ की इस कार्रवाई से बीईओ के साथ ही कनीय प्रभारियों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।



# मानसूनसत्र के बाद टीबी मरीजों को गोद लेंगे सांसद अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला यक्ष्मा केंद्र गत दिनों सक्षम लोगों को निक्षय मित्र योजना के तहत जोड़ने में लगा हुआ है। इस क्रम में बक्सर लोकसभा सीट के सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी निक्षय मित्र बनने की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए उन्होंने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय से जिले के सभी प्रखंडों में इलाजरत मरीजों की सूची तलब की थी। जिसके बाद सांसद को मरीजों की सूची सौंप दी गई है। सांसद ने आश्वासन दिया है कि मानसून सत्र खत्म होने के बाद जब वे दिल्ली से लौटेंगे, तब वो इसकी घोषणा करेंगे।

सांसद ने यह भी आश्वास्त किया है कि वे जिले के सक्षम लोगों को टीबी मरीजों को गोद लेने की दिशा में वार्ता करेंगे। जिससे जिले में



निक्षय मित्र योजना को गति मिलने की एक नई उम्मीद जगी है। इस संबंध में डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री की पहल से लोगों तक संदेश पहुंचेगा और अन्य लोग भी इस योजना से जुड़कर टीबी मरीजों की सहयोग के लिए आगे आएंगे।

## मरीजों को गोद लेगा रेडक्रॉस

दूसरी ओर, जिले के भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, बक्सर ने भी इस दिशा में हरी झंडी दी है। रेडक्रॉस सोसाइटी ने 10 टीबी मरीजों को गोद लेने की बात कही है। इस संबंध में रेडक्रॉस के सचिव डॉ. श्रवण तिवारी ने बताया कि जिला यक्ष्मा केंद्र की पहल पर रेडक्रॉस सोसाइटी टीबी मरीजों को गोद लेने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के साथ बैठक कर जल्द से जल्द गोद लेने वाले मरीजों की सूची साझा करते हुए उन्हें पोषण किट देने की कवायद शुरू की जाएगी। ताकि, टीबी मरीजों को जल्द से जल्द ठीक करने में उनकी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य ही लोगों की मदद करना है। जिसमें सोसाइटी के पदाधिकारी हमेशा आगे रहते हैं।

## कोई भी ले सकता है गोद

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. पांडेय ने बताया कि सरकार के द्वारा टीबी मरीजों की पोषण की कमी को दूर करने और उन्हें आत्मबल देने के उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत जिले का कोई भी सामाजिक संस्था, समाजसेवी, सरकारी या प्राइवेट अधिकारी या कर्मचारी के अलावा आम नागरिक भी अपनी क्षमता अनुसार गरीब एवं जरूरतमंद टीबी मरीज को गोद ले सकते हैं। इसके लिए यक्ष्मा विभाग से संपर्क कर निक्षय मित्र पोर्टल पर वो अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। उन्होंने बताया कि गोद लिए गए टीबी मरीजों को इलाज की अवधि के दौरान या कम से कम 6 महीना तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। जिससे वो अपनी पोषण की कमी को दूर कर सकेंगे।




## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला न्यायाधीश ने की बैठक

# नौ को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत समझौते से होगा केस का निष्पादन

**केटी न्यूज/बक्सर**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार बुधवार को स्थानीय व्यवहार न्यायालय के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में विधिक सेवा सदन भवन में आनंद नंदन सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर द्वारा जिले में कार्यरत बैंको के मुख्य शाखा प्रबंधकों, साथ ही, खनन विभाग, वन विभाग, नगर परिषद, माप तौल विभाग, श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितंबर 2023 को आयोजित होगस। आपसी सुलह समझौते के आधार पर आप सभी ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए लोगों एवं अपने ग्राहकों, बैंक ऋण धारकों को प्रेरित करें। बैंको की तरफ से उन्हें उनके ऋण अदाएगी में यदि विशेष छूट दी जाए तो अधिक से अधिक मामले का निष्पादन हो सकता है। इसके लिए हम सभी को प्रत्नशील रहना होगा। लोक अदालत को लेकर लगातार बैठकों का दौर चल रहा है।

उन्होंने बैंकों को अपने ऋण वसूली में अदाकताओं के प्रति उदारता रखने को कहा है। जिला प्राधिकार, बक्सर के अध्यक्ष, आनंद नंदन सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी बैंक पदाधिकारी एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी लोग निष्पादित होने वाले वादों की सूची साथ ही पक्षकारों के लिए नोटिस यथाशीघ्र साझा करें। ताकि संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना भेजी जा सके। जिससे संबंधित मामले का निपटारा और आसान हो जाएगा। मौके पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत के पक्षकारों के लिए पूर्व काउंसलिंग की भी व्यवस्था जिला प्राधिकार, बक्सर भवन में की गई है। पक्षकार इसमें भाग ले सकते हैं। बैंक द्वारा पूर्व में भी चिन्हित किए गए निष्पादित होने वाले वादों को आप राष्ट्रीय लोक अदालत के पहले भी निष्पादित कर सकते हैं। बैठक में भाग लेते हुए प्रभाकार दत्त मिश्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्रभारी सचिव, ने सभी उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के सुलह के आधार पर निपटारा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, डीपी सिंह, वन विभाग, बक्सर के अधिकारी नीतीश कुमार, माप तौल विभाग के अधिकारी एसके करीम, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक राकेश कुमार सानिध्य, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक, मनीष भास्कर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, बालकृष्ण दुबे व अन्य मौके पर मौजूद रहे।

## डुमरांव के अमर सेनानियों को नमन



**डुमरांव।** क्रांति दिवस के मौके पर बुधवार को डुमरांव के अमर सेनानियों को नमन किया गया। शहीद स्मारक समिति के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए डुमरांव के अमर सेनानियों की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया गया। इस दौरान शहीद पार्क में समिति के अनुरोध पर डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने अपने हाथों चारों शहीदों के मूर्तियों को माला पहना उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अमर शहीदों के बलिदान की बदौलत ही हम आज आजाद है। उन्होंने कहा कि डुमरांव के अमर शहीदों का बलिदान वीरता से भरी है तथा युवा पीढ़ि को सीख देने वाली है। मौके पर समिति संयोजक संजय चंद्रवंशी, महेन्द्र राम समेत कई अन्य मौजूद थे।






## राज्य परियोजना निदेशक ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण, कहा-

# स्कूल के दौरान शौचालय में न लगाएं ताला

**केटी न्यूज/अरवल**

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक बी. कार्तिकेय घनजी ने बुधवार को अरवल जिला अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में राजकीयकृत मध्य विद्यालय अहियापुर अरवल, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय चलिदाद, कलेर और केजीबीभी कलेर तथा केजीबीभी करपी का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को निदेश दिया। साथ ही शौचालय की गंदगी देखकर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि विद्यालय संचालन के दौरान किसी भी शौचालय में ताला नहीं लगा होना चाहिए। नियमित सफाई होनी चाहिए। वर्षा के कारण बच्चों की उपस्थिति कम पायी गयी जिसके लिए प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया कि बच्चों को विपरित मौसम में भी विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाय। जहां जल जमाव है वहां मिट्टी भराया जाये, ताकि बच्चे आराम से विद्यालय में पहुंच सके। मध्य विद्यालय अहियापुर में चहक गतिविधि के अन्तर्गत बच्चों द्वारा किये गये गतिविधि को देखा गया। विद्यालय में पुस्तक की उपलब्ता देखकर संतुष्ट हुए। उन्होंने बच्चों से पुस्तकें भी पढ़ाई। पठन-पाठन की स्थिति से उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की।

तत्पश्चात केजीबीभी कलेर एवं केजीबीभी करपी में भी उन्होंने बच्चियों के आवासन एवं भोजन की स्थिति की जांच की केजीबीभी करपी में उनके द्वारा निदेश दिया गया कि प्रयास रहे की छात्राएं जमीन पर बैठकर भोजन न करे इसके लिए आवश्यकतानुसार फर्नीचर की व्यवस्था कर ली जाय साथ ही बच्चियों जहां पढ़ती है वहां बेंच डेस्क की व्यवस्था की जाय। शौचालय की निरंतर सफाई करायी जाय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिदाद के निरीक्षण के क्रम में वर्गकक्षों की निरीक्षण के साथ-साथ स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया गया। जहां राज्य परियोजना निदेशक द्वारा बच्चों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारण करने के लिए सुझाव दिये गये। उन्होंने अन्य वर्गों के निरीक्षण के साथ-साथ शौचालय का भी निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया कि शौचालय को प्रतिदिन सफाई करायी जाय। केजीबीभी करपी के निरीक्षण के क्रम में वहां के अधिकांश छात्राएं आई फ्लू से ग्रसित होने के कारण पठन-पाठन में नहीं गयी थी।

## सात दिवसीय पौधरोपण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**जहानाबाद।** नेहरू युवा केंद्र अरवल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत माटी को नमन एवं वीरों का वंदन अभियान के तहत अरवल जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पौधरोपण कार्यक्रम पंचायत स्तर पर 9 से 15 अगस्त 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए देशभर में अमर बलिदानियों की स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत देशभर में सभी पंचायतों के अमृत वाटिका में पौधरोपण किया जा रहा है। अमृत वाटिका से मिट्टी को कलश में एकत्रित कर जिला कार्यालय में लाया जाएगा, जो दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कलश को देश की राजधानी दिल्ली भेजी जाएगी। जहां 7500 कलश में आई माटी और पौधों से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

## बाइक चोरी में वांछित आरोपी के घर से मिली शराब एवं खोखा, पिता-भाई धराये

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला में बाइक चोरी के मामले में वांछित के घर छापेमारी करने पहुंची पुलिस ने शराब, खोखा, पिस्टल का होलेस्टर और बाइक की चाबी का गुच्छा बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल वांछित के पिता दिलीप सिंह और भाई प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि चोरी में वांटेड सन्नी कुमार पुलिस की पकड़ से बाहर है। बताया जाता है कि उदवंतनगर थाने की पुलिस को सन्नी को पिछले माह बाइक चोरी के एक मामले में तलाश है। वहीं, शराब, खोखा होलेस्टर की बरामदगी को लेकर नवादा थाना के एएसआई सुबोध कुमार मंडल की ओर से दोनों बाप-बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

पुलिस के अनुसार उदंतनगर थाना क्षेत्र के एकौना से गत जुलाई महीने में उत्कर्ष फाइनेंस कंपनी के कर्मी सहित दो लोगों की बाइक चोरी हो गयी थी। उस मामले में पुलिस को करमन टोला निवासी दिलीप सिंह के पुत्र सन्नी कुमार की तलाश है। उसे लेकर मंगलवार की रात उदंतनगर और नवादा थाने की पुलिस छापेमारी करने सन्नी कुमार के घर करमन टोला पहुंची थी। तब पुलिस को देख घर में मौजूद दो लोग एक अटैची लेकर भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि पुलिस द्वारा दोनों को पकड़ लिया गया और अटैची की तलाशी शुरू की गयी। उस दौरान अटैची से 375 एमएल की तीन बोतल अंग्रेजी शराब, एक खोखा, एक पिस्टल का होलेस्टर और बाइक की चाबी के पांच गुच्छे बरामद किए गए। उसके बाद पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया।

## छात्राओं को कैंसर के प्रति किया जागरूक

**अरवल।** कैंसर बचाव के लिए बालिका विद्यालय में डॉ. होमी भाभा कैसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को कैसर से बचाव और उसके लक्षण के बारे में छात्राओ को जानकारी दी गयी।सदर अस्पताल में संचालित डॉ. होमी भाभा कैसर इंसचियूट के डॉ. अपर्णा चित्रांश ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, इस बीमारी से बचाव के उपायों के जरूरी है कि कैंसर के प्रति लोगो को जागरूक किया जाएं। मासिक धर्म स्वच्छता,स्वयं स्तन परिक्षण कैसे करना चाहिए यह बताया गया।साथ ही सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की भी जानकारी दी गयी और यह भी बताया कि, ह्लपैप स्मीयर कब करवाना चाहिए। मासिक धर्म को लेकर यदि महिलाएं खुलकर बात करती हैं और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देती हैं तो कैंसर के वार को भी टाल सकती हैं।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं
जय श्रीमन्नारायण
HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT
होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट
24 x 7 सेवा उपलब्ध
शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।
Fully air conditioned room
Banquet Hall
Conference Hall
RESTAURANT
स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध
फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था
Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

R. L. COMPLEX
DUMRAON
TRENDS MALL
आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध
R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open
Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar
Vinod Kumar Rai
Director
R. L. COMPLEX
ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT
Mob - +918340717039

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

### बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, दिए सख्त निर्देश

# लंबित प्रकरणों को तत्काल खत्म करें: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के लिए डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स/जिला शिक्षा परियोजना समिति/जिला अनुश्रवण समिति की बैठक ली। उन्होंने विद्यालयों के निरीक्षण की समीक्षा करने के बाद निर्देश दिया कि शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चितकराई जाए। निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा में निपुण विद्यालय के कार्य की प्रगति कम होने पर ज़िलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिये। डीबीटी में ब्लॉकवार पायी गई लंबित प्रकरणों को तत्काल खत्म करने को कहा।

ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान नगर क्षेत्र बलिया में प्रदर्शन अच्छा नहीं मिला। नवानगर, दुबहर और पंदह की स्थिति भी ठीक नहीं मिली। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि एआरपी को सही से काम करने के लिए निर्देशित करें। कोई लापरवाही करता है तो उसकी रिपोर्ट दें। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पीएम पोषण योजना



की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षक के आवेदन जो लंबित हैं उनको निस्तारित कर सीएम डैशबोर्ड पर अपलोड किया जाए।

**बगैर लाइसेंस के चल रही मांस-मछली विक्रय दुकानों को करें बन्द :** सहायक आयुक्त खाद्य-दो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ वेद प्रकाश मिश्र के पर रसड़ा के बाजारों में चल रहे मीट मुर्गा व मछली बिक्री कें दुकानों पर जांच अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने अभियान के दौरान बगैर लाइसेंस के चल रही मीट, मुर्गा व मछली के दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया। अनिल कुमार ने बताया कि आधा दर्जन मुर्गा, मीट व मछली विक्रय के दुकानों का निरीक्षण किया गया। इसमे बगैर लाइसेंस के चल रही दुकानों को बन्द करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि बगैर लाइसेंस कोई दुकान संचालित पाई जायेगी तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी।

## बलिया जनपद के सभी डाकघरों में तिरंगा उपलब्ध

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि देश में आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को जागृत करना है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस को सफल बनाने के लिए व्यापक जन सहभागिता से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया है। वहीं, बलिया डाकघर के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने जिलाधिकारी को तिरंगा झंडा देकर स्वतंत्रता दिवस का आगाज किया। उन्होंने बताया कि बलिया में 350 डाकघर है। इसमें सामान्य लोगों और सरकारी प्रतिष्ठानों सभी के लिए पर्याप्त संख्या में झंडा उपलब्ध हैं। डाकघर में प्रति तिरंगा झंडा 25 रुपए की दर से विक्रय किया जाना है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि आप 3/2 साइज के तिरंगे झंडे को अपने नजदीकी डाकघर से खरीदें और स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराएं।

## महानायक मंगल पांडेय के गांव में छाया अंधेरा

**बलिया।** दुबहर क्षेत्र के नगवा गांव पश्चिम टोला में शनिचरा बाबा मंदिर के पास लगा 100 केबीए का ट्रांसफार्मर पिछले 8 दिनों से जल जाने के कारण गांव में अंधेरा व्याप्त है। गांव के लोगो ने आरोप लगाया है कि पिछले आठ दिनों से हमारे गांव में ट्रांसफॉर्मर जल गया है। जिसके कारण गांव में अंधेरा छाया हुआ है और बिजली नहीं आ रही है। इससे लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार बिजली विभाग को फोन किया है, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। शासन का निर्देश है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अगर कहीं भी ट्रांसफार्मर जल जाता है और उसकी शिकायत ऊर्जा विभाग को की जाती है तो वहां दूसरा ट्रांसफार्मर 3 दिनों के अंदर पहुंच जाएगा शहरी क्षेत्र के मामले में आदेश है कि 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा, परंतु यह आदेश सरकारी फाइलों तक बंद है। विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करने में फेल साबित हो रहा है। स्वतंत्रता संग्राम में प्रथम आहुति देने वाले अमर शहीद मंगल पांडे का पैतृक गांव नगवा के बाजार स्थित 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जले हुए एक सप्ताह से अधिक हो गया। गांव के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ऊर्जा विभाग में अपनी शिकायत एक सप्ताह पूर्व दर्ज कर दी थी।

## एक नजर

### अभियान चलाकर खोजे गये टीबी, फाइलेरिया व कालाजार के लक्षण युक्त मरीज



**बलिया।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दस्तक अभियान 17 से 31 जुलाई तक चलाया गया। इस अभियान के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों की सेहत का हाल लिया। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि के साथ ही क्षय रोग, कुष्ठ रोग, कालाजार एवं फाइलेरिया के लक्षणयुक्त मरीजों को भी चिन्हित किया गया। इस अभियान में आशा और आगंनबाड़ी कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया।इसके साथ ही लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण ई- कवच पोर्टल पर अपलोड किया। इनमें बुखार के रोगियों की सूची, आई एल आई (इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग तथा फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची शामिल है। साथ ही क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया, वहां की सूची तैयार कर एएनएम को उपलब्ध करायी गयी। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत खोजे गए संभावित क्षय रोग लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या 181, संभावित मलेरिया लक्षण युक्त व्यक्तियों की जाँच 767, मलेरिया धनात्मक 0, कोविड लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच 496 कोविड धनात्मक 0, संभावित कालाजार लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या 104,संभावित फाइलेरिया के लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या 356, संभावित कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या 15 तथा अति कुपोषित बच्चों की संख्या 81 है। 81अति कुपोषित बच्चों में से 20 बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में संदर्भित किया गया है। कालाजार के 104 लक्षण युक्त व्यक्तियों में से सभी की जांच हुई। जिसमें धनात्मक 0,टीबी के 181 लक्षण युक्ति व्यक्तियों में से सभी को जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भित किया गया।

# देश की सेवा करने वालों को घर आने में कई वर्ष लग जाता है: एसडीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

बिल्थरारोड नगर के जननायक चन्द्रशेखर उद्यान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 9 अगस्त से 30 अगस्त तक चलने वाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्यान के मुख्य द्वार के अन्दर लगे सेनानियों के शिलापट का उपजिलाधिकारी एआर फारूकी ने लोकार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मौके पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा जो यह कार्यक्रम चलाया गया है। इससे हमें यह सीख मिलता है कि जो देश सेवा करते है उन्हें घर आने में कई वर्ष लग जाता है। तब उन्हें अपनी मिट्टी की याद आती है।



सरकार द्वारा मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के वीर शहीदों को याद किया गया है। वही नगर चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश कुमार गुप्त ने कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले सेनानियों को शत शत नमन है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम के द्वारा हम देश के वीर शहीदों को याद कर रहे है। और अपनी देश की मिट्टी की महत्ता को जान रहे हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोगों, सभासदों ने दो घड़े में देश की मिट्टी डालकर लखनऊ भेजने के लिए रखा गया। साथ ही उपजिलाधिकारी ने सभी सेनानी परिवारों के आश्रितों को माला पहनाकर अंगवस्त्र देंकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि सहित सभी लोगो ने देश की रक्षा और सम्प्रभुता के लिये दिलाया। कार्यक्रम में सभासद राममनोहर गांधी, सभासद नीलेश कुमार दीपू,सभासद परवेज हमजा गुड्डू, सभासद मोहम्मद सद्दाम, सभासद सतीश , सभासद संगीता वर्मा, सभासद मोहम्मद नैय्यर, मोहम्मद दानिश, असलम गुड्डू, सेनानी आश्रित विरेन्द्र राम, डॉ. शुभनाथ, मृत्युंजय गुप्ता, आलोक गुप्ता, कमलेश फौजी, विनोद कुमार, विक्की बरनवाल, गोरख जायसवाल, आदित्य सिंह, अर्जुन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** एसओजी व नरही पुलिस टीम ने 5 वर्ष से अवैध शस्त्र की तस्करी करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 7 अवैध शस्त्र बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल पुलिस जवानों के साथ थाना नरही पुलिस के साथ अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिये गशत पर थे। इसी बीच मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर गाजीपुर बलिया बार्डर के पास अपने थाना क्षेत्र में बार्डर से लगभग 200 मीटर पहले सड़क के किनारे चेकिंग कर गाजीपुर की तरफ से आ रहे मोटर सायकिल सवार एक व्यक्ति को एक पिट्ठु बैग के साथ पकड़ा गया। बैग में काफी मात्रा में अवैध पिस्टल, मैंगजीन आदि बरामद हुआ। पकड़ा गया अपराधी बिहार के सिवान जनपद के हुसैनगंज थाना अंतर्गत हबीब नगर निवासी मरहूम मो. आलम का बेटा हसन बताया जा रहा है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों के सभी प्रस्ताव स्वीकृत

**केटी न्यूज/बलिया**

रसड़ा आदर्श नगर पालिका परिषद बोर्ड की दूसरी बैठक चेयमैन विनयशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सभी 25 वार्डों के सभासद महिला पुरुष उपस्थित रहे। नगर के विकास कार्यो के लिए सभी सभासदों से प्रस्ताव मांगे गए। जिसमें सभी ने अपने-अपने वार्डों की पेयजल, नाली, सड़क तथा प्रकाश की व्यवस्था के समस्याओं पर अपने-अपने विचारक व प्रस्ताव दिए। जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।

अधिशासी अधिकारी जेपी मौर्या ने शासन द्वारा भेजे गए मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने तथा स्वतंत्रता दिवस पर सभी वार्डों में तिरंगा वितरित किए जाने तथा सभी घरों पर तिरंगा फहराये जाने का प्रस्ताव रखा। जिसे सफल बनाने के लिए सभी सभासदों ने एक स्वर से संकल्प लिया। नगर पालिका द्वारा कलश यात्रा निकाले जाने से संबंधित सभी वार्डों से मिट्टी एकत्र कर दो घड़ा तैयार किए जाने से संबंधित दिशा निर्देश दिये गये। नगर पालिकाध्यक्ष विनयशंकर जायसवाल ने सभासदों से नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये जाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। जिसे नगर को एक नया स्वरूप प्रदान किया जा सके। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि सही और पात्र लोगो आवास मिले यह हमारा पूरा प्रयास रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मियों सहित सभासद अशोक कुमार जायसवाल, राजेद्र कुमार, अविनाश, सुमन देवी, रीना गुप्ता, सौरभ कुमार आदि सभासद उपस्थित रहे।










### अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की, कहा-

# जिले के विकास के लिए लगाएंगे जोर

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर चल रहा संघर्ष बुधवार को जिला एवं न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति चंदौली के बैनर तले 26वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुबह राष्ट्रगान के बाद कचहरी परिसर का भ्रमण कर जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की और जिला न्यायालय के शिलान्यास होने तक आंदोलन को जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया।



जुलूस की शक्ल में अधिवक्ता नारेबाजी करते कचहरी परिसर का भ्रमण किया। न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि 26 वर्षों से जिले का जो विकास बाधित है। कहीं न कहीं जिले के वास्तविक विकास पुरुष पंडित कमलापति त्रिपाठी का श्राप है। लिहाजा जिले के विकास को गति देने और इस श्राप से मुक्ति के लिए गुरुवार, 10 अगस्त को आंदोलन के क्रम में राष्ट्रगान और चक्रमण के बाद पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में प्रायश्चित सभा का आयोजन किया गया है।जिसमें अधिवक्ताओं से आमजन मौजूद रहकर दिवंगत पंडित कमलापति त्रिपाठी जी से अपने पूर्वजों से जाने-अनजाने में हुई। गलती के लिए प्रायश्चित करते हुए क्षमा याचना करेंगे। प्रार्थना करेंगे कि चंदौली के वास्तविक विकास पुरुष एक बार फिर चंदौली जिले के अपना आशीष प्रदान करें, जिससे चंदौली जिले के विकास को गति मिल सके।

इस दौरान संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति अधिवक्ताओं के आंदोलन को अंतिम सांस तक जारी रखेगी, जब तक जिला न्यायालय के निर्माण के साथ ही जिले के विकास की नींव शासन-प्रशासन की ओर से नहीं रख दी जाती। पूर्व उपाध्यक्ष अमित सिंह द्दू ने कहा कि नेता और अधिकारी किसी भी कीमत पर अधिवक्ताओं की लड़ाई को कमजोर करना चाहते हैं जो उनकी गंदी मानसिकता का परिचायक है। यह लड़ाई जिले के अस्तित्व की लड़ाई है। इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ा जाएगा और जिले के हक के लिए किसी भी स्तर पर जाने के लिए हम सभी तैयार हैं। पूर्व उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाले जनप्रतिनिधि सही मायनों में चंदौली की जनता को छलते आ रहे हैं।

जिले के विकास का मुद्दा हो या फिर जिला न्यायालय का निर्माण जनप्रतिनिधियों ने सहयोग की बजाय उसमें बाधक बनने का काम किया। चंदौली की वास्तविक स्थिति से मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराने की बजाय गुमराह किया है, जिसकी वजह से आज चंदौली जनपद नीति आयोग के आकांक्षी जिले में शामिल है। यह चंदौली के विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों को दावे पर करारा तमाचा है। सभा समाप्ति की घोषणा अधिवक्ता संतोष पाठक ने किया। इस दौरान राज बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह, राकेश रत्न तिवारी, अभिनव आनंद सिंह, सत्य प्रकाश केशरी, विरेंद्र प्रताप सिंह छोटे, वीरेंद्र प्रताप सिंह दाढ़ी, मुन्ना विश्वकर्मा, प्रतिमा दुबे, उज्ज्वल सिंह, नीरज सिंह, नवीन सिंह, चन्द्रभूषण यादव, सुजीत सिंह, अमित पांडेय, दिनेश यादव, सत्येंद्र बिंद, फिरोज खान, प्रवीण यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन अध्यक्ष झन्मेजय सिंह ने किया।

## मेगा इवेंट के रूप में आयोजित होगा सामूहिक विवाह

**चंदौली।** जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आने वाले दिनों में शुभ मुहूर्त की तिथियों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम मेगा-इवेंट के रूप में आयोजित किया जाएगा। समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य ने बुधवार को कहा कि आर्थिक रूप से गरीब अभिभावक, जो अपनी पुत्री की शादी करना चाहते हैं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट पर अपना आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन के लिए कन्या का आयु प्रमाण पत्र, दो लाख का वार्षिक सीमा तक का आय प्रमाण-पत्र, कन्या व वर की पासपोर्ट साइज फोटो, कन्या व वर का आधार कार्ड, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति, परित्यक्ता होने की स्थिति में कोर्ट के आदेश की प्रति, कन्या के बैंक खाता की प्रति सहित विकास खंड कार्यालय, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय या जिला समाज कल्याण अधिकारी के यहां जमा कर सकते हैं।

## महापुरुषों के पद चिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

चंदौली। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय संघ युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजय गोंड बॉर्डर के नेतृत्व में चकिया तिराहा से आदिवासी पदयात्रा निकाल कर सुभाष पार्क तक पहुंच कर समाप्त किया गया। इस दौरान महापुरुषों के याद में गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को उनके प्रति जागरूक किया गया। आदिवासी पदयात्रा के दौरान जिलाध्यक्ष विजय गोंड बॉर्डर ने कहा कि चकिया तहसील में गोंडवाना का राज्य चिन्ह हाथी के ऊपर शेर दिलकुशा में स्थापित है। इसका जीर्णोद्धार, संरक्षित व जनजाति संग्रहालय बनाने की आवाज उठाई गई। अराजक तत्वों से सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी से मांग की गई। आदिवासियों के साथ हो रहे उत्पीड़न व मणिपुर घटना को लेकर निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की गई। इसके उपरांत बलात्कार कानून का पालन चंदौली जनपद के आदिवासियों को जल,जंगल जमीन में भूमि का आवंटन किया जाए।

## गंगा का जलस्तर घटने के बाद भी तटीय इलाकों में हलचल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गंगा के जलस्तर में कमी के बाद भी जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अभी भी अपने पांव पसार रहा है। मगर राहत की बात है कि अभी तक किसी तरह के बड़े पैमाने पर किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। कामाख्या धाम के समीप स्थित नाले से बाढ़ का पानी जरूर सिवान से होते हुए नसीरपुर व हसनपुरा गांव के नीचले इलाके के खेतों में जमा होने के साथ ही उक्त गावों को जाने वाले मार्गों पर बाढ का पानी जमा है। बावजूद एहतियातन ग्रामीण अपने स्तर से सतर्क दृष्टि बनाए हुए है।

कुछेक लोग तो पशुओं के लिए अभी से चारे को काटकर संग्रह करने में लगे है। लोगों की दिनचर्या प्रतिदिन की भांति चल रही है। लोगों ने बताया कि बडे पैमाने पर बाढ के दौरान क्षेत्र के रामपुर, नगदीलपुर, बीरऊपुर, हसनपुरा, नसीरपुर, कल्यानपुर, जग्गीकापुरा, तिलवां, गोपालपुर, परमानन्द पुर, अठहठा आदि गांव बाढ के पानी से चारों ओर से पूरी तरह से घिर जाते है। जिसके चलते इन गावों का सम्पर्क दूसरे गाँव व जिला मुख्यालय से पूरी तरह से कट जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य बहुत से गांव है जो बाढ के पानी से प्रभावित होते है। लोगों ने बताया कि भीषण बाढ के दौरान रेवतीपुर से नगदीलपुर होते हुए गहमर जाने वाला वाइपास मार्ग भी बाढ के पानी से डूब जाता है। जिसके चलते आवागमन का एकमात्र साधन ताडीघाट बारा नेशनल हाईवे व नावं आदि का ही सहारा बचता है।

## पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस

**गाजीपुर।** जनपद के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नवली गांव एवं मुख्य बाजार में बुधवार को अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह के निर्देशन पर उपखंड अधिकारी प्रवीण मौर्य अपनी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इसमें पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा तथा तीन लोगों का कनेक्शन में भार वृद्धि की तथा आठ बकायेदारों के खिलाफ नोटिस जारी किया। महकमे के इस कार्रवाई के चलते ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच मई। चेताया कि विद्युत चोरी न करें साथ बकाए बिल का समय से जल्द भुगतान करें। अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अवर अभियंता दुर्गा विजय प्रसाद, हर्षित राय, आशीष यादव, मुन्ना, राजेश राय, प्रिंस, विरेन्द्र, विवेक, छठू आदि मौजूद रहे।

## छात्रा आत्महत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई का शिक्षकों ने किया विरोध

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुहम्मदाबाद तहसील के सुरतापुर स्थित चंदनी पब्लिक स्कूल में सभी शिक्षकों ने आजमगढ़ ज़िले में एक निजी विद्यालय की 11वीं की छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में बिना जांच किए प्रधानाचार्य और शिक्षक की गिरफ्तारी कर चालान व जेल भेजने का विरोध किया। घटना को लेकर चंदनी पब्लिक स्कूल का शिक्षण कार्य आज ठप रहा। शिक्षकों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध -प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य प्रवीण पीयूष राय ने कहा कि 31 जुलाई को आजमगढ़ के चिल्ड्रेन गर्ल्स कालेज की छात्रा द्वारा आत्महत्या करना बहुत ही दुःखद है। लेकिन इस मामले में बिना जांच किए ही पुलिस द्वारा प्रधानाचार्य एवं शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज देना गलत है। पुलिस को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ की घटना निश्चित तौर पर दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन जिस तरह से संगीन धाराओं में प्रिंसिपल और शिक्षक को जेल भेजा गया। यह उससे भी ज्यादा निंदनीय है। पुलिस को इस मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। कोई भी शिक्षक किसी छात्र का अभिभावक होता है। ऐसे में कोई भी शिक्षक किसी का नुकसान नहीं चाहता है। इस मौके पर माधव सरकार, अरविन्द राय, सईदा हसन, दीपमाला सरकार, आशुतोष राय, यूसुफ, पंचम राय, झुल्लन सिंह यादव, अजीत मौर्य, संजय कुशवाहा, रामचंद्र ,गुलशन अब्बास, राजेश सिंह, अंजिलेश राय, शिवम यादव, अनुभव शर्मा, संजू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### फाइलेरिया उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन

**चंदौली।** छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर, सदलपुरा में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि चंदौली के पी सीआई के जिला समन्वयक डॉ नर्वदा सिंह ने बताया कि ₹फाइलेरिया (हाथी पांव) भारत के गांवों में तेजी से फैल रहा है





इसे समाप्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में हम जुड़े तथा इसे जड़ से समाप्त करें प्रबंधक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि₹भारत को और खुशहाल बनाने के लिए हमें फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर एनएसएस नोडल प्रभारी डॉक्टर नंदलाल, शहीद कैप्टन विजय प्रताप सिंह महाविद्यालय आवाजापुर से डॉ. मुकेश कुमार, सकलडीहा पीजी कॉलेज से डॉ. जितेंद्र यादव, हरदेव महाविद्यालय से रामाश्रय कुशवाहा,जटाधारी पीजी कॉलेज से डॉ. राजेश कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह,कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र पटेल, डॉ. राकेश सिंह, प्रतिश केसरी, डॉ. अय्यरमा सिंह, डॉ. सुनील कुमार, अर्चना मिश्रा, स्वप्निल सिंह, अशोक सिंह, तनु सिंह एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।

### शहीदों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** न्यू ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन एवं पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली पिता टीम द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर वासियों के लिए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को कोतवाली प्रभारी दीन दयाल पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा नगर के दामोदरदास पोखरे से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन के तिरंगा स्थल तक पहुंची। इस तिरंगामय यात्रा का



मुख्य आकर्षण सौ मीटर लंबा तिरंगा और इस तिरंगे के चारो ओर नगर जनता के बड़े बूढे, बच्चे, महिलाओं के हाथ तिरंगा ही तिरंगा रहा। अगस्त क्रांति के विशेष अवसर पर आयोजित इस यात्रा में इस बार का आकर्षण और संकल्प भरा नारा रहा। देश की आन बान शान तिरंगा यात्रा में चन्दौली जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों रघुवंश राम उर्फ मणि जी के पुत्र विजय कुमार, राम प्रकाश शाह के पुत्र रंजन शाह, बी पी मिश्रा के पुत्र माधो मिश्रा और महादेव मिश्रा (समस्तीपुर) के माला झा (पोती इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। पूरे यात्रा में देश भक्ति गीत और उदघोष होता रहा। यात्रा रेलवे स्टेशन डीडीयू पहुंचने पर वहां उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा जबरदस्त उद्घोष कर यात्रा में उपस्थित लोगों का उत्साह वर्धन किया गया। तत्पश्चात देश भक्ति गीत गाकर यात्रा को विराम से पूर्व जेथिन बी.राज वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू मंडल को राष्ट्रीय ध्वज सौंप कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। सुरक्षा आयुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि महान विभूतियों, शहीदों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा सच्ची श्रद्धांजलि हैं, जिनकी वजह से आज हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उनको शत शत नमन करता हूं। और आप सब से आग्रह करता हूं आप कभी भी इन महान विभूतियों को भूलना नहीं और इनको याद करते रहे।






### घोसी विस में उपचुनाव को लेकर तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, कहा-

# आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराएं

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र 354, घोसी में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत समस्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव 2023 के संबंध में जारी अधिसूचना की विस्तृत जानकारी देते हुए समस्त नोडल अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करने एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों को उसमें साझा करने के भी निर्देश दिए। जिससे नोडल अधिकारी समय-समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत हो सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त नोडल अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने एवं चुनाव से संबंधित समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके।



साथ ही, जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति के जनपद मुख्यालय छोड़ने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को चुनाव से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चुनाव से जुड़े कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र घोसी के कुल संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की जानकारी लेते हुए उप जिलाधिकारी घोसी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के उपरांत पूरे जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। समस्त संबंधित अधिकारी आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराएं। संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान तथा चुनाव के दौरान कोविड नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को सह नोडल अधिकारियों के साथ आज ही बैठक कर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराने के भी निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन-2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसके अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तिथि 10 अगस्त, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 17 अगस्त, नाम निर्देशनों की जांच 18 अगस्त, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 21 अगस्त 2023, मतदान का दिनांक 5 सितंबर एवं मतगणना तिथि 8 सितंबर 2023 निर्धारित की गई है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह सहित समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन इंद्रधनुष का हुआ शुभारंभ

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण योजना के क्रम में स्थानीय ब्लॉक के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा विभिन्न गांव में जाकर विभिन्न जानलेवा बीमारियों की रोकथाम हेतु चिन्हांकन करने के पश्चात बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर इस कार्यक्रम में लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में जाकर होने वाले रोगों से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया और कहा कि आप 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को समय-समय पर विभिन्न रोगों का टीका लगवा ले जिससे आपका बच्चा स्वस्थ रहेगा। इस मौके पर बीपीएम सर्वेश सिंह, प्रिय बुध, रंजू मौर्य, अविनाश सिंह, राजेंद्र कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## डीएम ने नामांकन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरूण कुमार ने विधान सभा उपनिर्वाचन-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में नामांकन हेतु चयनित कक्ष, कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जनपद के विधानसभा क्षेत्र 354, घोसी में उप निर्वाचन कराया जाना है। जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रमों की तिथियां घोषित की जा चुकी है। इस क्रम में 10 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

नामांकन हेतु चयनित कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नामांकन कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नामांकन के दौरान सुविधा को देखते हुए उचित



दूरी पर मजबूत बैरिकेटिंग एवं नामांकन कक्ष में सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न गेटों से आने-जाने के लिए बने बैरिकेडिंग की व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्याप्त ऊंचाई एवं मजबूत बैरिकेडिंग करने को कहा।

## पुलिस जवानों ने ली पंचप्रण की शपथ

मऊ। अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत बुधवार को मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में एसपी डॉ अजय विक्रम सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों के साथ पंचप्रण की शपथ ली। कोतवाली परिसर में समस्त पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह ने कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी के उपस्थिति में सभी को साथ शपथ दिलाई। शपथ के पंच प्रण में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना शामिल है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक एवं कोतवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाएंगे एवं गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए प्रयास करेंगे।







